# कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, उन्नाव।

पत्रांकः /सहा0श्रमा0–उ0/2025 दिनांकः / /2025

**विषयः अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि विस्तारित कर दिनांक 15.02.2025 किये जाने के संबंध में।**

---

1. उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत **पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों** एवं **कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों** तथा **मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत** पात्र बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने व उनके बौद्दिक एवं शारीरिक विकास के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में श्रम विभाग के अधीन अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तर पर जनपद लखनऊ के तहसील मोहनलालगंज के अन्तर्गत ग्राम सिठौली कलां में शैक्षणिक सत्र 2023–24 से प्रारम्भ किया गया है। इन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में कक्षा–06 एवं कक्षा–09 में प्रवेश लिया जाना है।

   **उक्त के कम में सूचित करना है कि अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ की प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र जमा करने के की अंतिम तिथि 05.02.2025 निर्धारित थी, जिसे अब विस्तारित कर 15.02.2025 कर दिया गया है।**

2. उक्त अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में चयन परीक्षा के माध्यम से निम्नलिखित कक्षा हेतु निम्नलिखित योग्य छात्रों को प्रवेश दिया जाना है :–

| क0 सं0 | कक्षा | वांछित संख्या | आयु सीमा | टेस्ट का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 | 140 (70 छात्र एवं 70 छात्राएं) | जन्म तिथि 01.05.2013 से पहले तथा 31.07.2015 के बाद की नहीं होनी चाहिए | मानसिक क्षमता, अंकगणित व भाषा परीक्षण |
| 2 | 09 | 140 (70 छात्र एवं 70 छात्राएं) | जन्म तिथि 01.05.2010 से पहले तथा 31.07.2012 के बाद की नहीं होनी चाहिए | अंग्रेजी, हिन्दी, गणित व विज्ञान |

3. **पात्रता–**
   - पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरान्त दिनांक 30.11.2024 तक कम से कम 03 वर्ष की बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो।
   - कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चें, जो महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीकृत हो।
   - मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) हेतु पात्र बच्चे।
   - कक्षा–06 तथा कक्षा–09 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी कक्षा–5 तथा कक्षा–8 में अध्ययनरत हो या उत्तीर्ण कर चुका/चुकी हो।
   - प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होंगे।
4. **वांछित अभिलेख–** यदि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार है, तो जाति प्रमाण–पत्र, यदि दिव्यांग है, तो उ0प्र0 सरकार के मानक अनुसार मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, यदि माता अथवा पिता पंजीकृत निर्माण श्रमिक है, तो उनका पंजीयन प्रमाण–पत्र उम्मीदवार का आधार कार्ड, उम्मीदवार का जन्म प्रमाण–पत्र, उम्मीदवार का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र।
5. **आवेदन प्राप्त करने एवं जमा करने की तिथि –**
   - अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 15.02.2025 तक प्राप्त एवं जमा किये जायेंगे।
   - आवेदन पत्र कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, उन्नाव, कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी, उन्नाव एवं कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, उन्नाव से प्राप्त किये जा सकेगें।

अतः जनपद के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की जाती है अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु अधिक से अधिक आवेदन कर बच्चों को परीक्षा में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान करें।

**(एस0एन0 नागेश)**
सहायक श्रमायुक्त,
उन्नाव।

पत्रांकः 442 /सहा0श्रमा0–उ0/2025 दिनांकः 08/02/2025

प्रतिलिपिः जिला सूचना अधिकारी महोदय, उन्नाव को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्रमिक एवं जनहित में सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

सहायक श्रमायुक्त,
उन्नाव।